राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर

जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय 'विशेष शिविर' आज दिनांक 5 मार्च 2022 को प्रारंभ किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 5 मार्च से 11 मार्च, 2022 तक ग्राम नगला बली , बकेवर, इटावा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सातों दिवस में अलग-अलग विषयों पर जन जागरूकता अभियान के तहत गांव के लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से स्वच्छ भारत अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम , मिशन शक्ति , पोषण जागरूकता , मतदाता जागरूकता , पर्यावरण संरक्षण , किसानों के साथ सम्यक संपर्क , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , वृक्षारोपण तथा स्वयंसेवकों में व्यक्तित्व का विकास , सामूहिक कार्य भावना , सामुदायिक कार्य, नेतृत्व क्षमता का विकास, संप्रेषण कौशल एवं सृजनात्मक क्षमताओं का विकास आदि विशेष शिविर के प्रमुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्राचार्य, जनता कॉलेज, बकेवर, मुख्य अतिथि श्री विनोद कुमार दोहरे, अध्यक्ष नगर पंचायत बकेवर , विशिष्ट अतिथि श्री अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बकेवर, तथा अन्य अतिथियों ने वृक्षारोपण करके विशेष शिविर का शुभारंभ किया प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य 'Not Me But You' के बारे में विस्तार से स्वयंसेवकों को संबोधित किया और कहा कि राष्ट्र हित के लिए सद्भाव उत्पन्न होना ही विशेष शिविर की सफलता होगी तथा स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री विनोद कुमार दोहरे ने सातों दिवसों के विशेष शिविर के लिए सभी स्वयंसेवकों की भूमिका एवं जन जागरूकता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री अजय कुमार ने स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर अपने विचारों का साझा किया। उन्होंने बताया की महात्मा गांधी जी ने कहा था की स्वच्छता एक राष्ट्र सेवा है जिससे पूरे जन समुदाय को स्वस्थ बनाया जा सकता है। कहा की यदि साफ-सफाई रखी जाए तो जो दवाई पर खर्च होता है वह पैसा बचाया जा सकता है और जिससे अच्छी शिक्षा दिलाई जा सकती है। कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ एके पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों को को बताया तथा कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना उत्पन्न हो जिससे विद्यार्थियों में सहयोग की भावना विकसित की जाए। राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जिसमें युवाओं में आपदा से निपटने के लिए गुण सिखाए जाते हैं। कार्यक्रम में श्री लाला राम दोहरे ने स्वयंसेवकों से किसानों के सरल संपर्क के तरीकों के बारे में अपने विचारों से लाभान्वित किया। कार्यक्रम में डॉ.एम.पी. सिंह ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जी के विचारों से अनुप्राणित है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार यादव ने किया तथा इस विशेष शिविर के सातों दिवसों में किए जाने वाले कार्य की प्रस्तावना व रूपरेखा के बारे में अवगत कराया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें डॉ एम.पी. यादव ने बताया कि गांव में कैसे लोगों से संपर्क किया जाए जिससे आप पर सरलतम और कम समय में विश्वास कर सके तथा आपके बताए हुए जन जागरूकता अभियान से जागरूक हो जाए। कार्यक्रम में डॉ

पीके राजपूत ने किसानों की देशी तकनीकियों के बारे में बताया तथा स्वयंसेवकों को परिचयात्मक भाव को उत्पन्न करने के सरल तरीकों को बताया। डॉ. डी एन सिंह ने स्वयं सेवकों को अनुशासन के बारे में बताया कि स्वयंसेवकों में अनुशासन विकसित होना चाहिए जिससे वह अपने को एक आदर्श मानवता के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम में डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ दिव्य ज्योति मिश्रा आदि ने अपने विचारों का साझा किया। विशेष शिविर के प्रथम दिवस का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में आकाश चौधरी रामकुमार वर्मा मनोज दीक्षित तथा 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।